भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या 2801
10 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए

## मछुआरों के लिए रोजगार सृजन

**2801. श्री के. सी. वेणुगोपाल:**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की तिरुवनंतपुरम, केरल में राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) का क्षेत्रीय केन्द्र स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो मछुआरों के लिए वित्तपोषण और अपेक्षित रोजगार सृजन सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) कुट्टनाड में विविध प्रकार के मछली पालन को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार द्वारा अगस्त, 2025 में शुरू की गई प्रायोगिक परियोजना की स्थिति क्या है और इसके अंतर्देशीय मत्स्यपालन के लिए क्या लाभ हैं; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान केरल सहित राज्य-वार प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के लिए कुल कितनी धनराशि स्वीकृत, आवंटित और उपयोग की गई है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**
**(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)**

(क): जी हां, तिरुवनंतपुरम, केरल में राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (NFDB) का क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव केरल सरकार के साथ लिया गया है। राज्य सरकार से अनुरोध किया गया है कि वह प्रस्तावित केंद्र की स्थापना के लिए तिरुवनंतपुरम में उपयुक्त भूमि की पहचान कर आवंटित करे। राज्य सरकार से जवाब का इंतजार है।

(ख): कुट्टनाड में विविध प्रकार के मछली पालन को पुनर्जीवित करने का कोई प्रस्ताव विभाग में प्राप्त नहीं हुआ है। हालांकि, अगस्त 2025 में केरल सरकार से प्राप्त अभ्यावेदनों के आधार पर मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार, ICAR-केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (CMFRI), ICAR-केंद्रीय खारा जलजीव पालन अनुसंधान संस्थान (CIBA), और राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (NFDB) के विशेषज्ञों की एक टीम ने धान किसानों के समक्ष आने वाली चुनौतियों का अध्ययन करने और कुट्टनाड एग्रो-इकोसिस्टम में चावल के खेतों में जलकृषि को एकीकृत (इंटीग्रेट) करने की संभावना तलाशने के लिए क्षेत्र का दौरा किया।

(ग): विगत तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के अंतर्गत केरल सहित राज्यवार और वर्षवार आवंटित और जारी धनराशि का विवरण अनुबंध-I पर संलग्न है।

अनुबंध-I

**प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के संबंध में 10 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए माननीय संसद सदस्य, लोक सभा श्री के. सी. वेणुगोपाल द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2801 के भाग-(ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(रुपए लाख में)

| क्र.सं | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | अनुमोदित कुल परियोजना लागत | | | स्वीकृत केन्द्रीय शेयर | | | जारी की गई निधि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0 | 0.00 | 500.00 | 405.25 | 892.80 | 386.20 | 0.00 | 0.00 | 500.00 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 19258 | 687.00 | 659.68 | 38514.40 | 2748.00 | 2457.00 | 19258.00 | 687.00 | 659.68 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 3178.47 | 3566.38 | 3325.12 | 5801.98 | 2387.16 | 2550.10 | 3178.47 | 3566.38 | 3325.12 |
| 4 | असम | 2654.18 | 7360.64 | 1028.20 | 8367.32 | 5479.23 | 6338.40 | 2654.18 | 7360.64 | 1028.20 |
| 5 | बिहार | 202.40 | 1573.75 | 865.59 | 809.60 | 6294.28 | 1713.18 | 202.40 | 1573.75 | 865.59 |
| 6 | छत्तीसगढ | 7919.50 | 5155.13 | 4048.37 | 9607.89 | 10759.49 | 3965.27 | 7919.50 | 5155.13 | 4048.37 |
| 7 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 12886.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 8 | दिल्ली | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 568.45 | 337.44 | 273.60 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 9 | गोवा | 1059.00 | 1130.94 | 337.21 | 8533.74 | 2237.40 | 8370.72 | 1059.00 | 1130.94 | 337.21 |
| 10 | गुजरात | 0.00 | 0.00 | 3742.14 | 4090.02 | 16084.70 | 1168.14 | 0.00 | 0.00 | 3742.14 |
| 11 | हरियाणा | 3577.76 | 4000.00 | 1984.88 | 1424.31 | 1473.39 | 1709.56 | 3577.76 | 4000.00 | 1984.88 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 1126.96 | 900.00 | 1205.68 | 2075.10 | 1857.90 | 1119.19 | 1126.96 | 900.00 | 1205.68 |
| 13 | जम्मू-कश्मीर | 2020.00 | 1219.73 | 2239.83 | 2900.74 | 4256.63 | 385.54 | 2020.00 | 1219.73 | 2239.83 |
| 14 | झारखंड | 1450.36 | 854.10 | 1036.98 | 13054.31 | 9691.23 | 1895.99 | 1450.36 | 854.10 | 1036.98 |
| 15 | कर्नाटक | 6608.00 | 2981.36 | 3793.06 | 15233.48 | 13327.98 | 13226.17 | 6608.00 | 2981.36 | 3793.06 |
| 16 | केरल | 15316.38 | 7988.25 | 2499.66 | 442.20 | 867.72 | 294.84 | 15316.38 | 7988.25 | 2499.66 |
| 17 | लद्दाख | 294.35 | 216.93 | 502.74 | 648.00 | 611.10 | 148.80 | 294.35 | 216.93 | 502.74 |
| 18 | लक्षद्वीप | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 5499.40 | 8071.76 | 5907.64 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 3339.85 | 5038.41 | 5937.93 | 22616.63 | 10282.72 | 4235.40 | 3339.85 | 5038.41 | 5937.93 |
| 20 | महाराष्ट्र | 10252.00 | 9999.67 | 2499.99 | 2144.39 | 4720.59 | 1264.64 | 10252.00 | 9999.67 | 2499.99 |
| 21 | मणिपुर | 0.00 | 1000.00 | 0.00 | 1939.22 | 3154.81 | 476.28 | 0.00 | 1000.00 | 0.00 |
| 22 | मेघालय | 659.07 | 1380.80 | 999.97 | 1277.92 | 2521.95 | 723.87 | 659.07 | 1380.80 | 999.97 |
| 23 | मिजोरम | 694.94 | 1967.76 | 1730.88 | 1488.16 | 1991.38 | 4281.29 | 694.94 | 1967.76 | 1730.88 |
| 24 | नागालैंड | 1227.80 | 1665.63 | 2291.82 | 18559.20 | 6770.10 | 4166.16 | 1227.80 | 1665.63 | 2291.82 |
| 25 | उड़ीसा | 6570.00 | 3882.00 | 7929.21 | 11242.79 | 1230.75 | 13445.35 | 6570.00 | 3882.00 | 7929.21 |
| 26 | पुदुच्चेरी | 2841.00 | 0.00 | 1390.00 | 1615.55 | 468.16 | 391.99 | 2841.00 | 0.00 | 1390.00 |
| 27 | पंजाब | 676.94 | 1231.49 | 219.65 | 489.12 | 686.34 | 272.04 | 676.94 | 1231.49 | 219.65 |
| 28 | राजस्थान | 0.00 | 0.00 | 148.81 | 1215.54 | 1621.56 | 339.00 | 0.00 | 0.00 | 148.81 |
| 29 | सिक्किम | 679.11 | 1084.51 | 999.80 | 17528.81 | 4377.10 | 6991.05 | 679.11 | 1084.51 | 999.80 |
| 30 | तमिलनाडु | 0.00 | 8748.61 | 1671.26 | 3759.78 | 1980.00 | 1075.20 | 0.00 | 8748.61 | 1671.26 |
| 31 | तेलंगाना | 0.00 | 397.36 | 939.11 | 3781.26 | 1980.00 | 1075.20 | 0.00 | 397.36 | 939.11 |
| 32 | त्रिपुरा | 1061.19 | 2144.49 | 931.75 | 2411.87 | 4639.70 | 4293.38 | 1061.19 | 2144.49 | 931.75 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 3789.17 | 3888.62 | 6554.98 | 7877.43 | 11894.44 | 2398.68 | 3789.17 | 3888.62 | 6554.98 |
| 34 | उत्तराखंड | 6181.02 | 2553.59 | 3709.89 | 6181.02 | 3197.80 | 1377.54 | 6181.02 | 2553.59 | 3709.89 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 5075.97 | 0.00 | 431.73 | 18230.39 | 2760.32 | 1557.74 | 5075.97 | 0.00 | 431.73 |

***